# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (16.04.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.04.2025, PAGE-05

### विद्यार्थी एक ही जिले के कॉलेज को विकल्प के रूप में दे सकेंगे

# बिहार विश्वविद्यालय में दाखिले की दौड़ आज से

**तैयारी**



**02 लाख 81 हजार सीटों पर लिया जायेगा विद्यार्थियों का दाखिला**

- स्नातक में दाखिले के लिए आज से खुलेगा पोर्टल

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में बुधवार से दाखिले की दौड़ शुरू हो जायेगी। स्नातक में दाखिले के लिए 16 अप्रैल से पोर्टल खोला जायेगा।

बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि एक महीने तक आवेदन के लिए समय दिया जायेगा। अभी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के छात्रों के लिए पोर्टल खोला जायेगा, इसके बाद सीबीएसई का भी रिजल्ट आना है। उसके लिए भी पोर्टल खोला जायेगा। बीआरएबीयू में इस बार 2 लाख 81 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है। छात्रों को उनके ही जिले में कॉलेज आवंटित करने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा छात्र एक ही जिले के कॉलेज को विकल्प के रूप में दे सकेंगे। बिहार विवि में स्नातक में दाखिले के लिए नामांकन समिति की बैठक भी होगी। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि जल्द ही नामांकन समिति की बैठक की जायेगी। इसमें मेरिट लिस्ट और नामांकन की प्रक्रिया पर चर्चा की जायेगी। स्नातक में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए सभी कॉलेजों से उनके यहां चलने वाले विषयों के संबद्धन की सूची भी मांगी गई है। छात्रों को स्नातक में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने होंगे।

स्नातक में दाखिले के साथ बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स में भी दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में भी ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। विवि में वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा होनी है। सीनेट की बैठक में इसे पास किया गया है। वोकेशनल कोर्स में हर साल 10 से 15 हजार छात्रों का दाखिला होता है। इसबार कई कॉलेजों में नये कोर्स खुल रहे हैं, इसलिए छात्रों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सीसीडीसी ने बताया कि वोकेशनल में नामांकन के लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी। पोर्टल खोलने के लिए यूएमआईएस को जिम्मा दिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट लिस्ट जारी किया जायेगा। उसके बाद छात्रों का चयन कॉलेजों के लिए होगा। सीसीडीसी ने बताया कि छात्रों को उनके जिले के हिसाब से ही कॉलेज आवंटित किया जायेगा। यानी मोतिहारी के छात्र को मुजफ्फरपुर का कॉलेज नहीं मिलेगा।

उन्होंने बताया कि आवेदन के बाद प्रवेश परीक्षा की तारीख घोषित की जायेगी। जुलाई से पहले नामांकन की सारी प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। बीआरएबीयू में पहली बार वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा हो रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 16.04.2025, PAGE-04**

# स्नातक में नामांकन के लिए 15 मई तक आनलाइन आवेदन करेंगे छात्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार से 15 मई तक विद्यार्थी आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए पोर्टल खोला जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-29 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सबकुछ ठीक रहा तो बुधवार से पोर्टल खुल जाएगा। छात्रों को आनलाइन आवेदन के लिए मोबाइल एप की भी सुविधा दी गई है। अब तक की तैयारियों के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया मेरिट लिस्ट बनाकर होगी। दूसरी ओर आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय की ओर से नामांकन समिति की बैठक होगी। इसमें स्नातक में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा पर भी निर्णय हो सकता है। स्नातक में नामांकन के लिए पोर्टल खोले जाने संबंधी प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. डीसी राय ने अनुमति दे दी है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्नातक में आवेदन के लिए बुधवार से अप्रैल से 15 मई तक पोर्टल खुला रहेगा।

**संबंधन समाप्त हो चुके 10 से अधिक कालेजों का हटेगा नाम :** स्नातक नामांकन के लिए संबंधन समाप्त हो चुके करीब 10 से अधिक कालेजों का नाम पोर्टल से हटा दिया गया है। इसमें कई ऐसे कालेज हैं जिनकी संबद्धता नए सत्र के लिए समाप्त हो चुकी है। इसमें से कई कालेजों ने सत्र 2025 - 29 के लिए संबद्धता विस्तार के लिए आवेदन किया है। आवेदन के समय छात्र-छात्राओं को मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी देना अनिवार्य है। वहीं आवेदन के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को नामांकन के समय प्रस्तुत करना होगा। दूसरी ओर छात्रों को मोबाइल और ईमेल पर नामांकन और मेरिट लिस्ट भेजा जाएगा। नामांकन में आधार की व्यवस्था अनिवार्य होगा। वहीं अपार आइडी बनाए जाने पर भी फैसला लिया जा सकता है। नामांकन के समय ही स्नातक के छात्र-छात्राओं को अपार आइडी बनाया जा सकता है।

मोबाइल एप से भी कर सकेंगे आवेदन, सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए शुरू कर दी गई प्रक्रिया



DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 16.04.2025, PAGE-04

# अगले 10 महीने में 80 से अधिक परीक्षा कराएगा विश्वविद्यालय

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए तैयार किया गया प्रस्ताव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अगले वर्ष फरवरी तक 80 से अधिक परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षाएं अगले दस महीनों में विश्वविद्यालय स्तर से कराई जानी है। इसमें चार वर्षीय स्नातक, तीन वर्षीय स्नातक, पीजी, वोकेशनल, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीएड, ला, यूनानी, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा समेत अन्य परीक्षाएं शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा कैलेंडर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस वर्ष दो स्पेशल परीक्षाओं का भी आयोजन होना है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी होने वाले एकेडमिक कैलेंडर में परीक्षाओं के आयोजन की तिथि और परिणाम जारी करने की तिथि भी दर्ज होगी। इसी के अनुसार से विश्वविद्यालय में अगले एक वर्ष परीक्षाएं संचालित होती है। दूसरी ओर अगले परीक्षा के तुरंत बाद ही परिणाम जारी करने का प्रस्ताव भी विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किया गया है। आने वाले दिनों में इसपर भी अमल किया जाना है।

**4 और तीन वर्षीय स्नातक, पीजी वोकेशनल, ला, बीएड समेत अन्य परीक्षाओं की तिथि और रिजल्ट की मिलेगी जानकारी**



जल्द ही इसे अंतिम रूप प्रदान कर इसे राजभवन और राज्य सरकार को भी जाएगा। अब तक अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एकेडमिक कैलेंडर जारी नहीं किया जा सका है। पिछले वर्ष मार्च में ही परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया गया था।

**17 तक बगैर विलंब शुल्क भरा जाएगा स्पेशल पार्ट टू का फार्म** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार तक टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा का फार्म भरा जाएगा। इसके बाद 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 18 से 21 अप्रैल तक कालेजों में फार्म स्वीकार किया जाएगा। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक डा. सुखलाल पासवान ने मंगलवार को निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि निर्धारित अवधि में ही सभी कालेज परीक्षा फार्म भराएंगे। इसके बाद किसी भी स्थिति में तिथि विस्तारित नहीं होगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सत्र 2019 - 22, 2020-23, 2021 - 24 और 2022 - 25 के तहत टीडीसी पार्ट टू की परीक्षा में छूटे, फेल, प्रमोटेड या अनुपस्थित छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

**एडमिट कार्ड जारी, फार्म भरने से कई वंचित**: 21 अप्रैल से शुरू होने वाली पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। बावजूद इसके अब भी काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने फार्म नहीं भरा है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के खुलते ही कई छात्र-छात्राएं परीक्षा विभाग पहुंचे और बीमारी और जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए फार्म भरने के लिए अंतिम मौका दिए जाने की मांग की। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि फिलहाल तिथि विस्तारित होने की उम्मीद काफी कम है। मामले को लेकर कुलपति की अनुमति के बाद ही निर्णय लिया जा सकेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:16.04.2025, PAGE-04

# एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में पूछे जाएंगे 100 अंकों के आब्जेक्टिव प्रश्न

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत संचालित होने वाले एलएलएम कोर्स के लिए पहली बार विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। इसकी तैयारी विश्वविद्यालय की ओर से शुरू कर दी गई है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने प्रवेश परीक्षा कराई जा सकती है। तिथि का निर्धारण अब तक विश्वविद्यालय की ओर से आधिकारिक रूप से नहीं किया गया है। दूसरी ओर प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। इसके लिए यूएमआइस कोर्डिनेटर डा. टीके डे को नोडल बनाया गया है।

**ओएमआर शीट पर होगी परीक्षा, प्रो. टीके डे बनाए गए नोडल**
**पहली बार बीआरएबीयू में प्रवेश परीक्षा का हो रहा आयोजन**



कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। बताया जा रहा है कि एलएलएम कोर्स की प्रवेश परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। इसमें कुल 100 अंकों के आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा पैटर्न को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इससे प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम समझने में मदद मिलेगी। बताया जा रहा है कि इसमें ला से संबंधित सवालों के अतिरिक्त, भाषा, सामान्य ज्ञान, एप्टीट्युट समेत अन्य हिस्सों से सवाल आ सकते हैं।

बताया जा रहा है कि पाठ्यक्रम के लिए चार या पांच हिस्से हो सकते हैं। इसी से सवाल आएंगे। ओएमआर शीट पर प्रवेश परीक्षा होने से जल्द ही परिणाम जारी कर दिया जाएगा। वहीं परीक्षा के बाद आंसर की को वेबसाइट पर अपलोड करने की भी योजना है। प्रवेश परीक्षा के लिए दो से तीन दिनों में पोर्टल खोला जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों को आनलाइन आवेदन का मौका दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस महीने तक आवेदन का मौका दिया जा सकता है।

## परीक्षा के लिए कालेजों में बनेगा भवन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कालेजों में परीक्षा अवधि में कक्षाएं बाधित नहीं हो इसके लिए परिसर में परीक्षा भवन बनाए जाएंगे। यहीं स्नातक समेत अन्य परीक्षाएं होंगी। इससे परीक्षा और बाकी सत्र के विद्यार्थियों की कक्षाएं एक साथ संचालित हो सकेंगी। कालेजों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर इसका प्रस्ताव विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक कोर्स लागू होने के बाद हर छह महीने पर परीक्षा होनी है। ऐसे में परीक्षा के साथ-साथ कक्षाएं बाधित नहीं हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। शहर के प्रीमियर कालेजों को छोड़ अन्य संस्थानों में परीक्षा के लिए अलग से भवन नहीं है। सीनेटर डा. संजय कुमार सुमन ने इसको लेकर सवाल पूछा है। उनके प्रश्न के जवाब में विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि प्राचार्यों की अनशंसा पर परीक्षा भवन बनाया जा सकता है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 16.04.2025, PAGE04

### विवि. आवेदन के लिए 16 अप्रैल से 15 मई तक पोर्टल खुला रहेगा

# अंगीभूत व कॉलेजों में स्नातक में एडमिशन के लिए आज से आवेदन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में स्नातक सत्र 2025-29 में एडमिशन के लिए बुधवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी. डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्नातक में आवेदन के लिए 16 अप्रैल से 15 मई तक पोर्टल खुला रहेगा. बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद से ही छात्र स्नातक में आवेदन के लिए कॉलेजों का चक्कर लगा रहे थे.

कॉलेजों को भी इस बात की चिंता सता रही कि ज्यादा विलंब होने की स्थिति में छात्र पलायन कर जाएंगे, तो सीट भरना भी मुश्किल होगा. इसके लिए कई कॉलेजों के प्राचार्य भी लगातार विवि के संपर्क में थे.

आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के लिए मंगलवार को कुलपति के यहां प्रस्ताव भेजा गया, जिस पर स्वीकृति मिल गई. जल्द ही एडमिशन कमेटी की बैठक होनी है, जिसमें निर्णय लिये जाएंगे. पोर्टल के साथ ही आवेदन के लिए मोबाइल एप पर भी सुविधा उपलब्ध रहेगी. कॉलेजों में एडमिशन के लिए विश्वविद्यालय स्तर से सेंट्रलाइज्ड मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी. इसके आधार पर ही छात्र-छात्राओं को आवंटित कॉलेज में एडमिशन लेना होगा. ऑनलाइन आवेदन के समय छात्रों को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी का ही उपयोग करना है. छात्रों की सुविधा के लिए ही विश्वविद्यालय की ओर से पिछले साल मोबाइल एप विकसित किया गया है. अपने मोबाइल में एप डाउनलोड कर आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.

### संबद्धता समाप्त, कॉलेज का नाम पोर्टल से हटेगा

पोर्टल पर अभी छात्रों को अंगीभूत कॉलेजों के साथ ही अनुदानित व स्थाई संबद्धता वाले कॉलेजों का ही विकल्प मिलेगा. जिन कॉलेजों की संबद्धता सत्र 2024-28 तक के लिए ही थी, उनका नाम पोर्टल से हटाया जाएगा. ऐसे 10 कॉलेज हैं. इन कॉलेजों ने सत्र 2025-29 के लिए सबंद्धता विस्तार का आवेदन किया है, लेकिन अबतक सरकार की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है.

## सत्र 2025-26 के लिए कैलेंडर तैयार, 80 से अधिक परीक्षाएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

परीक्षा विभाग की ओर से सत्र 2025-26 के लिए कैलेंडर तैयार किया जा रहा है. जिसे फाइनल करके जल्द ही उच्च शिक्षा निदेशालय व राजभवन को भेजा जायेगा. बीआरएबीयू में अब लगातार परीक्षाओं का दौर चलेगा. अगले साल फरवरी तक विवि को 80 से अधिक परीक्षाएं करानी है. इसके साथ ही समय पर मूल्यांकन कराकर इनका रिजल्ट भी जारी करना है. इसमें स्नातक व पीजी सहित वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाओं को शामिल किया गया है.

हालांकि अगले 10 महीनों में 80 से अधिक परीक्षाओं का आयोजन कर समय पर रिजल्ट जारी करना, विवि के लिए बड़ी चुनौती होगी. पिछले सत्र में भी परीक्षा कैलेंडर तैयार किया गया था.

### स्नातक और पीजी सहित वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स शामिल

लेकिन स्नातक सहित कई परीक्षाएं समय पर आयोजित नहीं हो सकी. इसका दबाव भी इस साल बढ़ गया है. बता दें कि विवि में परीक्षा का सत्र अनियमित चल रहा है. इसको लेकर पिछले दिनों विवि पहुंची, ऑडिट टीम ने भी आपत्ति जतायी थी. हर साल फरवरी-मार्च में ही विवि की ओर से परीक्षा कैलेंडर बनाकर राजभवन व उच्च शिक्षा निदेशालय को भेज दिया जाता था. लेकिन, इस साल अभी फाइनल भी नहीं हो सका है. परीक्षा विभाग ने कैलेंडर तैयार कर लिया है. विवि के वरीय अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद फाइनल कर लिया जाएगा.

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:16.04.2025, PAGE-04

# पीजी थर्ड सेमेस्टर का एडमिट कार्ड जारी

## 21 से परीक्षा

- दर्जनों छात्रों ने नहीं भरा फॉर्म
- एक दिन तिथि बढ़ाने का आग्रह

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2023-25 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होगी.

विभाग से लेकर कॉलेज तक दर्जनों छात्र अब तक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भर सके हैं. विभाग ने एडमिट कार्ड भी जारी किया है. मंगलवार को विवि खुला, तो कई छात्र विवि पहुंचे. साथ ही कॉलेजों से भी एक दिन का समय देने का अनुरोध किया गया है. इसके साथ ही विवि मुख्यालय सहित अन्य जिलों के कॉलेजों से भी फॉर्म भरने के लिए तिथि विस्तारित करने का आग्रह किया गया है. मामले में परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि



वीसी की अनुमति से ही निर्णय लिया जायेगा. बता दें कि थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए इस वर्ष मार्च से ही फॉर्म भरवाया जा रहा है. इसके बाद भी कई छात्र छूट गये हैं. विवि की ओर से पिछले दिनों ही परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया. मंगलवार से संबंधित विषयों के वायवा सहित प्रायोगिक परीक्षा भी शुरू हो गयी है. इतिहास विभाग की एक छात्रा ने परीक्षा नियंत्रक को आवेदन देकर बताया कि जब फॉर्म भरा जा रहा था, तब वह बीमार थी. इसके लिए उसे जानकारी नहीं हो सकी.